भारत डायनामिक्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)
निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद

बीडीएल/104/बी डी- सी सी / एम आर/ 04 दिनांक : 14 जनवरी, 2021

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारत में स्ट्रार स्ट्रीक वायु रक्षा प्रणाली के विनिर्माण हेतु बीडीएल तथा थेल्स ने टीमिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए।

भारत और युनाइटेड किंगडम दोनों सरकार के सहयोग से भारत में स्टारस्ट्रेक वायु रक्षा प्रणाली के विनिर्माण हेतु भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) और थेल्स द्वारा ने टीमिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए।

दि. 13 जनवरी, 2021 को संपन्न वर्चुअल समारोह में टीमिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

बीडीएल के निदेशक (तकनीकी) एन.पी. दिवाकर तथा यू के में थेल्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलेक्स क्रेसवेल और वी पी अण्ड कंट्री निदेशक इमैनुअल डी रोक्फ्यूइल ने बीडीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर यू के सरकार के रक्षा आपूर्ति मंत्रालय से श्री जेरेमी क्विन तथा यू के सरकार के रक्षा एवं सुरक्षा निर्यात के प्रमुख मार्क गोल्डसैक उपस्थित रहे।

बीडीएल, स्टारस्ट्रेक वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बन जाएगा। यह समझौता यू के सशस्त्र सेना बल सहित वर्तमान एवं भविष्य वायु रक्षा ग्राहकों को स्टारस्ट्रेक प्रणाली के निर्यात करने के लिए अवसर प्रदान करेगा।

बीडीएल, अपने वैश्विक आउटरीच के भाग के रूप में विदेशी कंपनियों के साथ 'मेक इन इंडिया' मिशन को आगे बढ़ाने के क्रम में उक्त समझौते के माध्यम से आगे बढ़ने का प्रयास कर रहा है।

इससे पहले, थेल्स और बीडीएल ने स्टारस्ट्रेक के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के आकलन के लिए अनुबंध ज्ञापन प्रलेख समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस टीमिंग समझौते पर हस्ताक्षर उसी समान्वेषण प्रक्रिया का सकारात्मक परिणाम है।

यह समझौता बीडीएल के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को स्टारस्ट्रेक मिसाइल प्रणाली के प्रस्ताव रखने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें कम से कम 60 प्रतिशत देशीकृत सामग्री होगी। इसके साथ-साथ 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत इसकी प्रणाली के अभिकल्पन और विकास किया जाएगा।

साथ ही, यह समझौता यूके और भारत के मध्य प्रौद्योगिकी सहयोग के अवसरों का भी प्रतिनिधित्व करता है। इसके अलावा दोनों देशों के उद्योगों में आपसी सहयोग व सह विकास को सुगम बनाता है।

कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) ने अपने संबोधन में कहा कि स्टारस्ट्रीक के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ इस परियोजना में थेल्स और बीडीएल के साझेदारी से बीडीएल और उसकी आपूर्ति श्रृंखला के पार्टनर के लिए नये व्यापार के अवसर मिलेंगे. बीडीएल इस नये व्यापार अवसर के साथ देशी बाज़ार के अलावा निर्यात बाज़ार में भी अपने कदम आगे बढ़ाने में सक्षम रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार की मेक इन इंडिया, व्यापार की सरल प्रक्रिया तथा हाल ही में 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे पहल

ने विदेशी ओईएम के लिए बीडीएल जैसे उद्योगों के साथ उत्पादन सुविधा स्थापित करने के लिए अनुकूलता प्रदान की है.

थेल्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलेक्स क्रेसवेल ने बताया कि आज का समझौता संबंद्ध सभी पार्टियाँ के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा थेल्स और बीडीएल के बढते संबंध के प्रति तत्पर है। उन्होंने बताया कि बीडीएल निर्मित प्रणाली यूके सहित विभिन्न देशों को निर्यात की जाएगी। उन्होंने कहा कि नार्थन आयरलैंड के बेलफस्ट में थेल्स संव्यवहार के लिए, यूके के एसएमई के सक्षम आपूर्ति श्रृंखला जिसके साथ थेल्स कार्य करती है तथा भारत में स्थित उसके टीम के लिए यह शुभ समाचार है.

स्टारस्ट्रीक मिसाइल प्रणाली ब्रिटेन सेना द्वारा प्रयुक्त है और दुनिया भर में रक्षा बलों द्वारा खरीदी जा रही है। तीन लेज़र गाइडेड डार्ट्स रहने के कारण यह अपनी श्रेणी की सबसे तेज़ एकल मिसाइल स्टारस्ट्रीक है, जिसे जाम नहीं किया जा सकता। यह मिसाइल किसी भी हवाई लक्ष्य व हेलिकॉप्टर को नष्ट करने में सक्षम है.

---XXX---